अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय, बिलासपुर (छ.ग.)

पुराना हाईकोर्ट भवन बिलासपुर, जिला–बिलासपुर (छ.ग.) 495001

ई–मेल : registrar@bilaspuruniversity.ac.in वेबसाईट : www.bilaspuruniversity.ac.in

क्रमांक / 1565 / परी.गोप. / 2020 दिनांक 12.09.2020

प्रति,

प्राचार्य,
समस्त संबद्ध महाविद्यालय,
अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय,
बिलासपुर (छ.ग.)

विषयः– मॉक टेस्ट कराये जाने के संबंध में।

––00––

विषयांतर्गत लेख है कि वार्षिक परीक्षा 2019–20 की शेष परीक्षा दिनांक 16.09.2020 से प्रारंभ हो रही है। परीक्षार्थियों को प्रश्न–पत्र महाविद्यालय द्वारा उनके ई–मेल पर/व्हाटसएप पर प्रेषित किया जायेगा। इसके अलावा छात्रों की सुविधा को ध्यान में रखते हुये प्रश्न–पत्र छात्रों के यूजर आई.डी. के माध्यम से भी देखे जा सकेंगे। विश्वविद्यालय द्वारा दिनांक 14.09.2020 को मॉक टेस्ट यानि परीक्षार्थियों को जो निर्देश दिये गये है एवं महाविद्यालयों को जो निर्देश दिये गये है उसे ही परीक्षण के लिये प्रश्न–पत्र के रूप में डाला जायेगा।

दिनांक 14.09.2020 को प्रत्येक परीक्षार्थी दिनांक 16.09.2020 के लिये जारी समय–सारिणी एवं समय के अनुसार अपने यूजर आई.डी. का प्रयोग करते हुये लॉगइन करने के बाद ''क्वेश्चन पेपर डाउनलोड आप्शन'' में जाकर देखेगा कि उसकी आई.डी. पर प्रश्न–पत्र के रूप में दिये गये निर्देश डाउनलोड हो रहे है या नहीं। यह परीक्षण इसलिए करवाया जा रहा है कि परीक्षा तिथि को परीक्षार्थियों को प्रश्न–पत्र समयानुसार प्राप्त हो सके। सभी परीक्षार्थी अनिवार्य रूप से इस प्रक्रिया का एक बार परीक्षण करना सुनिश्चित करेंगे। सभी महाविद्यालय परीक्षार्थियों को इस बात की सूचना देंगे कि दिनांक 14.09.2020 को परीक्षार्थी विश्वविद्यालय की वेबसाईट में अपने यूजर आई.डी. का प्रयोग करते हुये निर्धारित समय पर ही निर्देशों को देखेगा। परीक्षार्थी को इस प्रक्रिया को पूर्ण करने में किसी भी प्रकार की असुविधा होगी तो वह अपने महाविद्यालय को इसे तत्काल सूचित करेगा।

टीपः– **महाविद्यालय परीक्षार्थियों को आवश्यक रूप से यह भी निर्देशित करें कि जिस दिन जिस समय पर उनका प्रश्न–पत्र है उस समयावधि के आधा घण्टे पहले से लेकर उस दिन पूरे समय तक प्रश्न–पत्र वेबसाईट पर मौजूद रहेगा। अतः कोई अन्य कक्षा का छात्र उस समय पर लागइन न करें केवल वहीं छात्र लागइन करें जिनका उस समय पर पेपर है। इससे परीक्षार्थियों को समस्याएँ नहीं होगी। इसे विशेष प्राथमिकता देवें।**

परीक्षा नियंत्रक
अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय,
बिलासपुर (छ.ग.)

Scanned by CamScanner